भा.कृ.अ.प.–राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन ब्यूरो क्षेत्रीय केन्द्र उदयपुर पर राजभाषा नीति और कार्यान्वयन विषय पर "हिन्दी कार्यशाला" का आयोजन दिनांक 09.09.2022 को किया गया

भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद के तत्वावधान में राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन ब्यूरो, क्षेत्रीय केन्द्र, उदयपुर में दिनांक 09 सितम्बर 2022 को हिन्दी कार्यशाला आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. बंशी लाल मीना, क्षेत्रीय केन्द्र प्रमुख उदयपुर ने सर्व प्रथम मुख्य अतिथि श्रीमती सीमा चोपड़ा, निदेशक, राजभाषा भा.कृ.अ.प.,कृषि भवन, नई दिल्ली के क्षेत्रीय केन्द्र उदयपुर में आगमन पर पुष्पगुच्छ से स्वागत किया एवं अपने सम्बोधन में बताया कि कार्यालय में राजभाषा हिन्दी कों कारगर ढंग से लागू करने तथा राजभाषा अधिनियम/नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करवाने का वादा किया। राजभाषा नीति और कार्यान्वयन विषय पर मुख्य अतिथि श्रीमती सीमा चोपड़ा, निदेशक, राजभाषा ने अपने सम्बोधन में बताया कि राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक प्रत्येक वर्ष में 04 बार अवश्य आयोजित की जानी चाहिए। राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक के कार्यवृत्त की एक प्रति मुख्यालय नागपुर एवं एक प्रति परिषद मुख्यालय में अनिवार्य रूप से बैठक की समाप्ति पर भिजवाये। उन्होंने कार्यक्रम में निम्न सुझाव दिये–ः

- ✓ केन्द्र में कार्यरत सभी कार्मिकों का एक रोस्टर तैयार करे तथा हिन्दी न जानने वाले कार्मिकों को हिन्दी प्रशिक्षण हेतु भेजे, राजभाषा विभाग की वेबसाईट पर पर उपलब्ध प्रबोध, प्रवीण तथा प्राज्ञ के लिए निशुल्क उपलब्ध ऑनलाईन टूल्स के माध्यम से हिन्दी ज्ञान का प्रशिक्षण दिलाए।

- ✓ हिन्दी भाषा के प्रगामी प्रयोग संबंधी तिमाही प्रगति रिपोर्ट अनिवार्य रूप से हर तिमाही मुख्यालय में उपलब्ध करावे।

- ✓ हिन्दी में मूल पत्राचार को बढाए तथा आपके कार्यालय के निर्धारित पत्राचार के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतू प्रयास करे।

- ✓ कार्यालय के सभी कम्प्यटरों पर हिन्दी में कार्य करने की सुविधा अनिवार्य रूप से उपलब्ध करावें। सभी कम्प्युटरों में यूनिकोड को लोड किया जा सकता है।

- ✓ कार्यालय के सभी लिपिक/सहायकों को हिन्दी में प्रशिक्षण दिलाया जावे

उपरोक्त कार्यक्रम राजभाषा नीति और कार्यान्वयन कार्यशाला का संचालन श्री कमलेश शर्मा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी ने किया। इस कार्यक्रम में डॉ. आर. पी. शर्मा, वरि वैज्ञानिक एवं डॉ. आर. एल.मीणा, डॉ. महावीर नोगिया एवं डॉ. बृजेश यादव वैज्ञानिक व अन्य सभी स्टॉफगण भी उपस्थित थें। साथ ही इस अवसर पर "संयुक्त राजभाषा कार्यान्वयन समिति" कार्यशाला का विधिवत आभार व समापन वैज्ञानिक डॉ. एल. सी. मालव हिन्दी अधिकारी ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त किया।

दैनिक भास्कर

उदयपुर 10-09-2022

कृषि अनुसंधान परिषद की हिंदी कार्यशाला

उदयपुर| भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के तत्वावधान में राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन ब्यूरो, क्षेत्रीय केन्द्र में शुक्रवार को हिन्दी कार्यशाला का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि राजभाषा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद कृषि भवन नई दिल्ली की निदेशक सीमा चोपड़ा थी।